## संक्षिप्त

### डॉ. मीनाक्षी को सम्मान मिलेगा

**चाकसू, (निसं)।** 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर सांवरिया हॉस्पिटल की निदेशक डॉ. मीनाक्षी को विश्व रिकार्ड बाबासाहेब आंबेडकर सम्मान 2023 मिलेगा। डॉक्टर मीनाक्षी को चिकित्सा क्षेत्र में की गई विशिष्ट सेवाओं के लिए इस पुरस्कार के लिए चुना गया। इससे पूर्व अंतरराष्ट्रीय संस्था भारत सोक्का गक्काई ने डॉ मीनाक्षी को चेंज मेकर ह्यूमैनिटी अवार्ड से नवाजा था। डॉ मीनाक्षी नारी गौरव सम्मान एवं नारी शक्ति सम्मन से भी सम्मानित हो चुकी हैं।



### स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में फरार चल रहे स्थायी वारंटी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा के आदेशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक टोंक भवानी सिंह राठौड के निर्देशानुसार एवं वृत्ताधिकारी टोंक सलेह मोहम्मद के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे वांछित अपराध अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान की पालना में कोतवाली थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह द्वारा टीम का गठन कर फरार स्थायी वारन्टी देवराज पुत्र श्रीराम गुर्जर साल निवासी जेबाडिया थाना बरोनी जिला टोंक को गिरफ्तार किया गया है।

### एक दिवसीय कार्यशाला

**दूदू, (निसं)।** पंचायत समिति सभागार में महिला बाल विकास विभाग के तत्वावधन में मोटा अनाज सबकी ताकत पोषण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महिला बाल विकास अधिकारी पारूल शर्मा, जिला अध्यक्ष रेखा शर्मा, पर्यवेक्षक पूजा तिवारी, ममता बोबास, कृष्णा ने मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रजिलत कर किया।

### सात वर्षीय अर्श अली ने रोजा रखा

**मनोहरपुर, (निसं)।** 7 वर्षीय अर्श अली ने अपने जीवन में प्रथम बार रोजा रखा। अली ने बताया कि मुझे बहुत अच्छा लग रहा हैं सभी ने मुझे गिफ्ट देकर मेरा मनोबल बढ़ा रहे हैं। मेरे रोजा रखने की खुशी में लोगों को खाना खिलाकर खुशी मनाई। सभी लोग अपने सब्र का इम्तिहान देकर ख़ुदा को राजी कर रहे है ऐसे में हम क्यों पीछे रहे। इस अवसर पर हाजी रोशन खान, मुस्ताक अली,रुस्तम खान आदि उपस्तिथ थे।



### 276 यूनिट रक्त एकत्रित

**दूदू, (निसं)।** कस्बे में संचालित जनता केयर हॉस्पिटल में शुक्रवार को स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 276 यूनिट रक्त एकत्रित किया। आयोजक मोजमाबाद पंचायत समिति सदस्य सुवालाल गुर्जर ने बताया कि रक्तदान में इस बार पुरूषों के साथ महिलाओं , बालिकाओं ने भी भागेदारी निभाई। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. प्रेम चन्द बैरवा, प्रकाश धाभाई, रामधन धाभाई, सुनील धाभाई, किशन धाभाई, सहदेव गुर्जर, लक्ष्मण गुर्जर सहित सर्व समाज के लोगों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदान दाताओं को जीवन सुरक्षा के लिए हैलमेट वितरित किए गये।

### कर्नल बैंसला को याद किया

**फागी, (निसं)।** गुर्जर समाज के युग पुरूष कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला को श्रद्धा से याद किया गया। कस्बे के जयपुर रोड स्थित गुर्जर छात्रावास में बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि पर समाज के प्रबुद्धजनों एवं सरदार पटेल सेवा समिति की ओर से श्रद्धाजंली सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बैंसला द्वारा समाज को दिये अमूल्य योगदान एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। सभा में हनुमान छावडी छोटूमानहाला रामेश्वर प्रसाद गुर्जर अश्विनी कुमार अवधेश छावडी रंगलाल मानहाला सहित सैंकडों गुर्जर समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# 562 कृषकों को भूमि के खातेदारी अधिकार पट्टे दिये



गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने किसानों को कस्टोडियन भूमि के अधिकार पत्र सौंपे।

- खातेदारी अधिकार पाकर कृषकों के चेहरे खिले
- राज्य सरकार किसानों व मजदूरों के हितों के लिए समर्पित : यादव

**कोटपूतली, (निसं)।** ग्राम पंचायत बसई कार्यालय पर शुक्रवार को महकमा कस्टोडियन भूमि, तहसील कोटपूतली द्वारा ग्राम बसई, पेजुका व जाहिदपुरा में कस्टोडियन भूमि के खातेदारी अधिकार कृषकों को प्रदान करने के लिए कैम्प का आयोजन किया गया।

इस मौके पर खातेदारी अधिकारों की सनद (पट्टा) देने के लिए स्वयं क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ग्राम बसई पहुंचे। जहां उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों व किसानों के हुजुम के बीच उक्त तीनों गांवों के 562 कृषकों को 88.2792 है. भूमि के खातेदारी अधिकार की सनद (पट्टों) का वितरण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से ही अपने अधिकारों से वंचित रहे कस्टोडियन पीड़ित किसानों को उनका हक मिल रहा है यह बेहद हर्ष का विषय है। यादव ने कोटपूतली को जिला बनाने पर मुख्यमंत्री गहलोत का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कोटपूतली के विकास में हरसम्भव प्रयास किये जाने की बात कही। राज्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनकल्याणकारी शासन की स्थापना ही सरकारों का लक्ष्य होना चाहिये। मुख्यमंत्री गहलोत के नेतृत्व में प्रदेश की कांग्रेस सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर, दलित, शोषित, वंचित, पीडित, आदिवासी व वनवासी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। संचालन करते हुए किसान बचाओ आन्दोलन के संयोजक एड. मनोज चौधरी ने इसको लेकर किये गये संघर्ष व आन्दोलन की विस्तार से जानकारी दी। तहसीलदार अभिषेक सिंह ने आवंटन की लिस्ट पढकर सुनाते हुए आपत्तियों की सुनवाई की। वहीं एसडीएम ऋषभ मण्डल ने खातेदारी प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए आगामी कैम्प के बारे में बताया। इस दौरान नायब तहसीलदार भोमसिंह मीणा, प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत, सरपंच कविता देवी, विक्रम गुर्जर, एड. रामौतार सनवाल,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, सत्यवीर मीणा, विक्रम सिंह लीडर, पूर्व सरपंच मेहरसिंह, सुरेश यादव, दाताराम जाट, बनवारी मीणा, सन्नी सेहरा, बाबूलाल सनवाल, कुलदीप गोठवाल समेत अन्य मौजूद थे। इस मौके पर ग्रामीणों ने कोटपूतली को जिला बनाये जाने पर राज्यमंत्री यादव का माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन भी किया।

## विधायक इंद्रराज गुर्जर के छोटे भाई पर हमला

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधायक इंद्रराज गुर्जर के छोटे भाई राजेश गुर्जर व उसके साथी पर बीती रात अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया। हालांकि हमले में विधायक का भाई राजेश व साथी बाल-बाल बच गये। लेकिन बदमाश विधायक के भाई की स्कार्पियो कार में तोड़फोड़ कर मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद पीड़ित ने भाबरू पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं भाबरु थाना पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त बोलेरो कार जब्त की है तथा तीन बदमाशों कमलेश कुमार पुत्र गुलाराम, सुभाष चंद्र पुत्र मूलाराम, राकेश पुत्र जगदीश प्रसाद को पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक विधायक इंद्रराज गुर्जर का छोटा भाई राजेश गुर्जर अपने साथी के साथ किसी शादी समारोह में स्कार्पियो कार से जाकर आ रहा था।

भाबरू थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित होटल हाइवे किंग के पास उसकी स्कार्पियो कार को अज्ञात लोगों ने बोलेरो गाडी लगाकर रूकवा ली। वही बोलेरो में सवार आधा दर्जन बदमाशों ने कार पर लाठी, डंडो, हॉकी व धारदार हथियार से हमला कर दिया और तोडफोड कर दी।

इस हमले में स्कार्पियो कार के लॉक होने से राजेश गुर्जर व उसका साथी बाल-बाल बच गए। हमला करने के बाद बदमाश फरार हो गए। सूचना पर लोगो की भीड लग गई।

## अनिल कुमार शर्मा का अवार्ड के लिए चयन



अनिल कुमार शर्मा।

**कोटपूतली, (निसं)।** अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं इण्डो-नेपाल समरसता ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में 7 अप्रैल को जयपुर के केशर बाग में राजस्थान स्थापना दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम के समापन पर चयन समिति के संयोजक सुभाष स्वामी ने कोटपूतली निवासी अनिल कुमार शर्मा पत्रकार का सेवा कार्यो का अवलोकन कर भारत-नेपाल सांस्कृतिक सम्मेलन में राजस्थान समरसता रत्न अवार्ड के लिये मनोनयन किया गया है। प्रेस सचिव योगेश शर्मा ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच 7300 दिवसीय कार्ययोजना के अन्तर्गत राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। भारतीय राजदूतावास काठमाण्डो (नेपाल) में रजिस्टर्ड 4699/2018 भारतीय नागरिक एवं संयोजक अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच के नेतृत्व में एक सांस्कृतिक शिष्टमण्डल इण्डो नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा के अन्तर्गत सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। सम्मेलन में इण्डो-नेपाल समरसता ऑर्गेनाइजेशन द्वारा शिक्षा, चिकित्सा, न्याय, समाज सेवा आदि क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली प्रतिभाओं को न्यायमूर्ति परमानन्द झा प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल सरकार का आशीर्वाद पत्र प्रतिभाओं को भेंट किया जायेगा।

# बैंसला की पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई



श्रीदेवनारायण गुर्जर छात्रावास टोंक में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई।

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष रामलाल गुर्जर संडीला के नेतृत्व में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में श्रीदेवनारायण गुर्जर छात्रावास टोंक में समाज के पंच पटेलों, गणमान्य व्यक्तियों एवं कार्यकारिणी के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में मनाई गई।

इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने कर्नल के विचारों पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणा ली कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए कर्नल ने जो मंत्र दिए हैं, उनको आगे बढ़ाया जाएगा। आज कर्नल की वजह से ही गुर्जर समाज को एमबीसी के अंदर 5 प्रतिशत आरक्षण मिला जिसकी वजह से ही हजारों बच्चे प्रशासनिक मेडिकल, इंजीनियर व शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि हंसराज फागणा ने बालिका छात्रावास के लिए अपनी ओर से पांच लाख रूपये देने की घोषणा की एवं बाबा के पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा ली गई।

इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहनलाल गुर्जर, महामंत्री हरिराम गुर्जर, भगवान चाड, फतेहलाल गुर्जर, दारा सिंह फागण, केसर लाल गुर्जर, सरपंच कपिला गुर्जर, ओम प्रकाश गुर्जर, राजेन्द्र गुर्जर, रमेश गुर्जर, देवराज गुर्जर, एवं अजय गुर्जर आदि ने दो मिनट का मौन रखकर बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## बूथ शक्तिकरण को लेकर बैठक का आयोजन

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा किशनगढ़ बास की कार्यसमिति बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किशनगढ बास के पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव के अनाज मंडी किशनगढ बास स्थित निवास पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अलवर उत्तर के जिलाध्यक्ष उम्मेद भाया ने की।

बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष उम्मेद भाया ने कहा कि 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक शक्ति केंद्र पर बूथ के समस्त कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन होगा वह मतदाता सूची व पन्ना प्रमुखों की समीक्षा की जाएगी। भैया ने कहा कि बूथ पर नव मतदाता अभियान चलाकर उन्हें पार्टी की रीति नीतियों से अवगत कराया जाएगा और पार्टी से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान में आने से पहले जनता से झूठे वादे किए थे, कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी ने चुनाव के समय चुटकी बजाकर कहा था कि कांग्रेस की सरकार आते ही किसानों का 10 दिन में कर्जा माफ कर देगी लेकिन आज तक कोई कर्जा माफ नहीं हुआ। इस अवसर पर किशनगढ बास चेयरमैन प्रतिनिधि सतीश सिंघल, किशनगढ बास भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ, रामनिवास यादव, प्रमिल जसोरिया, पूर्ण झबुला, राजेश बटवाड़ा, सहित पार्टी के पांचों मंडलों के महामंत्री शक्ति केंद्र संयोजक एवं प्रभारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कर्नल बैंसला को नमन किया

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** राजकीय धर्म चंद गांधी महाविद्यालय बहरोड़ में स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के बस्तीराम यादव सहित छात्र संघ महासचिव चेतन यादव, रमेश पटेल, मोनू, जीतू, नीरज, सचिन, रमेश पहलवान, मोहित सेन, जितेंद्र रोहतास गुर्जर, विक्रम यादव सहित सुरेंद्र सिंह यादव एडवोकेट एवं महाविद्यालय के छात्रों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय कर्नल किरोडी सिंह बैंसला तथा समाज की सैकड़ों शहादतों के बाद प्राप्त आरक्षण के योगदान को भुलाए नहीं जाने की बात कही गई।

## शोभायात्रा में गूंजे बजरंगी व श्रीराम के जयकारे

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर रामनवमी को लेकर धर्मावलंबियों द्वारा बजरंगी, हर-हर महादेव जय श्रीराम का जयकारा गुंजायमान कर माहौल को धर्म मय कर दिया गया।

इस बार रामनवमी के त्यौहार को विशेष रूप से मनाया गया एवं लोगों द्वारा सामूहिक रूप से राम भगवान की शोभायात्रा एवं भव्य भगवा रैली भी निकाली गई। इस कार्यक्रम के दौरान शाही लवाजमे में के साथ विभिन्न अखाड़े बाजों द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाए गए। उपखंड मुख्यालय स्थित नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर सतरंगी रंगोलियां सजाई गई एवं रामनवमी को लेकर कई स्थानों पर रामनवमी के मौके पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा का स्वागत सत्कार भी देखने को मिला। रामनवमी के दौरान लोग हिंदुत्व के भगवा रंग को धारण कर विश्व शांति का संदेश भी देते नजर आए। उपखंड मुख्यालय पर रामनवमी को लेकर किए जाने वाले इस भव्य आयोजन को लेकर युवाओं की टीम पिछले एक हफ्ते से पीले चावल बांटकर कार्यक्रम में लोगों को आमंत्रित कर रही थी। रामनवमी के मौके पर युवाओं द्वारा सर्व समाज को साथ लेकर इस कार्यक्रम को संपन्न करने का लक्ष्य रखा गया था। जिसे युवाओं द्वारा शांति पूर्वक निकाली गई शोभायात्रा एवं विभिन्न आयोजनों के साथ संपन्न कर दिखाया गया। शोभायात्रा का व्यापारियों एवं आम शहर वासियों द्वारा फूल वर्षा कर स्वागत किया।

# नि:शुल्क ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ




लालसोट उपखंड मुख्यालय पर विप्र फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई निशुल्क ई-लाइब्रेरी कार्यक्रम को पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र ने संबोधित किया।

- विप्र जनों को आपसी सहयोग एवं तालमेल की जरूरत : रक्षा मिश्र

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर विप्र फाउंडेशन की ओर से शुरू की गई की निशुल्क आदि शंकर ई लाइब्रेरी के शुभारंभ, विप्र जन स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका के चेयरमैन रक्षा मिश्र ने कहा कि मौजूदा समय में विप्र जनों को आगे बढ़ने के लिए आपसी सहयोग एवं तालमेल की अहम जरूरत है।

चेयरमैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, हमारी समाज को हर मोर्चे पर संगठित होने की जरूरत है तभी जाकर समाज को हर क्षेत्र में पूर्ण प्रतिनिधित्व मिल पाएगा। विप्र फाउंडेशन की इस पहल से समाज के छात्र छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ाई का अवसर मिलेगा इसके कारण प्रतिभावान छात्र छात्राओं को आगे बढने की भी संपूर्ण अवसर प्राप्त हो सकेंगे। इससे पहले ही लाइब्रेरी का विप्र कल्याण बोर्ड के चेयरमैन में शर्मा द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान ईलाइब्रेरी के लिए वर्ष भर भवन निशुल्क उपलब्ध कराने सहित ई लाइब्रेरी संचालन के लिए नगद राशि सहयोगार्थ उपलब्ध कराने वाले ब्रह्म जनों का भी सार्वजनिक मंच पर अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। विप्र फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक सुशील ओझा शैक्षिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष परमानंद शर्मा महामंत्री बृजेश तिवारी जिला प्रवक्ता लोकेश आर्यन कैलाश तिवारी संयोजक व प्रदेश उपाध्यक्ष सियाराम शर्मा द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विप्र फाउंडेशन से जुडे पदाधिकारियों ने बताया कि लालसोट में विप्र फाउंडेशन की पहल पर शुरू की गई प्रदेश की यह पहली की लाइब्रेरी है एवं इसी तर्ज पर अब लगातार विप्र समाज के छात्र छात्राओं को ई लाइब्रेरी के माध्यम से निशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने के लिए अन्य जगहों पर भी लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। जयपुर में साठ हजार वर्ग फीट के क्षेत्र में परशुराम शक्तिपीठ की स्थापना की जा रही है जिसका सात मंजिला भवन आने वाले चार माह में पूर्ण करवा कर समाज को समर्पित कर दी जाएगी व उदयपुर में परशुराम महाविद्यालय तैयार है। आने वाले समय में इस तरह के कई प्रकल्प प्रारंभ किए जाएंगे जो समाज के लिए तथा राष्ट्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होंगे। यह ई-लाइब्रेरी समाज के युवाओं के लिए निशुल्क उपलब्ध रहेगी फिलहाल 30 सीटों के साथ अध्ययन की सुविधा उपलब्ध होगी जहाँ पर अत्याधुनिक सुविधायुक्त सकारात्मक व सुरक्षित वातावरण मिलेगा। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र अंजना त्यागी श्रीकांत शर्मा ओमप्रकाश त्रिवेदी संजय उपाध्याय दीपक सुकार राजेश सेडुलाई राजेंद्र डॉग एलएन भारद्वाज अमित उपाध्याय शिवकुमार बंधु रमेश ढन्ढ वेद प्रकाश शर्मा शंभूलाल रिवाली आदि ब्रह्म समाज के कई अन्य लोग मोजूद रहे।

## विधायक से शिष्टाचार भेंट की

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती प्रजापति समाज शिव मन्दिर भैसलाना के अध्यक्ष बजरंग लाल बगरानिया के नेतृत्व में प्रजापति समाज के एक शिष्ट मण्डल ने स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत से शिष्टाचार भेंट कर अपनी बात रखी। जानकारी के अनुसार इस दौरान समाज हितों को लेकर कई मुद्दे रखे, जिसमें मुख्य रूप से प्रजापति समाज भैसलाना में एक भवन निर्माण की मांग रखी। जिस पर विधायक कुमावत ने उक्त भवन निर्माण के लिए 15 लाख रुपए का सहयोग करने का आश्वासन दिया है। जिस पर मन्दिर विकास समिति के पदाधिकारियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए माला और साफा पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर बजरंग लाल बगरानिया, समिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रजापति, कालूराम मारवाल, गोविन्दराम, पूर्व वाइस चेयरमैन विजय प्रजापत, सोहन लाल, राधेश्याम, गोपाल लाल, कानाराम, तुलसीराम, प्रकाश, मालीराम, रामाकिशन प्रजापति, बनवारी लाल मारवाल, उकारमल राजोरा, जयनारायण, पप्पू लाल प्रजापति, नन्दा राम, गोपाल लाल प्रजापात, घनश्याम, कानाराम प्रजापति, प्रभु दयाल, राजेन्द्र प्रजापति, नन्दकिशोर प्रजापति, नवरतन प्रजापति, रामस्वरूप प्रजापति सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### बाइक को बचाने के चक्कर में ट्रेलर पलटा



**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा सीएचसी मोड के समीप बाइक सवार युवकों को बचाने के चक्कर में प्लास्टिक दानों से लदा ट्रेलर पलट गया जिससे ट्रेलर चालक को हल्की चोटें आई हैं। इस दौरान बाइक सवार युवक बाल-बाल बच गए। घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर कुछ देर आवागमन बाधित रहा। घटना के बारे में बताया जाता है कि खोटा पट्टी तहसील पुहाना जिला नूह मेवात हरियाणा निवासी ट्रेलर चालक साइब पुत्र रसीद ट्रेलर से प्लास्टिक दाना लेकर गुजरात से दिल्ली जा रहा था। जैसे ही वह पावटा सीएचसी मोड के समीप पहुंचा कि कट पर रोड क्रॉस कर रहे बाइक सवारों को बचाने के चक्कर अनियंत्रित होकर कट से अंदर घुसते हुए दिल्ली जाने वाले रोड से जाकर विपरीत जयपुर रोड पर जाकर नाले में पलट गया।

### आपसी झगड़े में एक की मौत

**निवाई, (निसं)।** सदर थाना अंतर्गत गांव सूरज का खेडा में बुधवार की रात आपसी कहासुनी के बाद हुए झगडे में एक जने की मौत हो गई। सदर थाना अधिकारी नरेश कंवर ने बताया कि मृतक के पुत्र बंटी बैरवा ने मामला दर्ज करवाया है कि बुधवार की रात को उसके पिता खेत पर गए हुए थे। वहां पर रामसहाय पुत्र कानाराम व बलवीर पुत्र रामसहाय से किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई। इसके बाद दोनों ने उसके पिता के साथ मारपीट कर दी जिससे घायल हो गए। घायल अवस्था में उसे निवाई सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती करवाया जहां से चिकित्सकों ने उसे टोंक रेफर कर दिया। गुरुवार को तबीयत अधिक बिगडने के कारण टोंक से जयपुर रेफर कर दिया गया। इसी दौरान जयपुर ले जाते समय बीच रास्ते में उसने दम तोड दिया। पुलिस ने बताया कि मौत होने के बाद उसे राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई लेकर आए जहां चिकित्सकों ने नरेंद्र उर्फ पप्पू बैरवा को मृत घोषित कर दिया। बाद में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पुत्र बंटी ने दोनों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज करवाया है।

### 186 यूनिट रक्तदान किया

**मालपुरा, (निसं)।** गुर्जर समाज के मसीहा शिक्षा की अलख जगाने वाले स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि पर बाबा कर्नल फाउण्डेशन मालपुरा के तत्वावधान में शहीद स्मारक पर रक्तदान शिविर व श्रद्धांजली सभा का आयोजन हुआ। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के जिला संयोजक व देवरानारायण बोर्ड के जिला प्रतिनिधि बच्छराज गुर्जर ने बताया कि पूर्व न्यायाधीश वीएस सिराधना, विधायक कन्हैयालाल चौधरी, पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, अम्बेडकर विचार मंच विकास समिति के लोकेश लोदी सहित बड़ी संख्या में पहुंचे सर्वसमाज के लोगों ने शहीद स्मारक पर लगी कर्नल बैंसला की फोटो के समक्ष पुष्पांजली अर्पित कर बाबा कर्नल को नमन किया। प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित रक्त दान शिविर में पहुंचे रक्तदाताओं ने 186 यूनिट रक्तदान कर कर्नल बैंसला को श्रद्धांजली दी।

### कर्नल बैंसला की पुण्यतिथि मनाई

**नारायणपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत विजयपुरा में स्थित तुर्कियावास वाले पीर बाबा मंदिर में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान गुर्जर समाज के लोगों ने कर्नल बैंसला की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बानसूर एसीबीओ इन्द्राज गिराटी, डॉ.तेजवीर पायला ने समाज के लोगों संबोधित करते हुए कर्नल बैंसला के जीवन पर प्रकाश डाला और समाज के लोगों ने उनके बताए मार्ग पर पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर समाजसेवी हीरालाल धाबाई, डॉ.विक्रम गुर्जर, नेतराम रावत, विक्रम गोवल्या, शीशराम रावत, हवलदार लक्षमण पायला सहित बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के लोग उपस्थित रहे।

### खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** रींगस-श्रीमाधोपुर राजू भाई मार्ग पर स्थित जालपाली में राजस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राजस्थान दिवस के उपलक्ष पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। संस्था निदेशक भजन लाल बिजारणिया ने फीता काटकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कबड्डी खेल प्रतियोगिता रेफरी बाबूलाल सामोता व राजेश कुमार सामोता ने बताया विद्यालय में इंग्लिश मीडियम व हिंदी मीडियम के बीच जलेबी प्रतियोगिता एवं बालक बालिकाओं की कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बालक वर्ग में 11 जीव विज्ञान व बालिका वर्ग में 11 जीव विज्ञान विजेता रही। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह, व्याख्याता अशोक कुमार, साधु राम, सांवरमल, राजेश कुमार, अजय कुमार, गजान्द कुमावत सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### यूनानी औषधालय का विस्तार होगा

**सांभरझील, (निसं)।** राष्ट्रीय आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत सांभर राजकीय यूनानी औषधालय में हर्बल गार्डन विकसित किए जाने के लिए इसका चयन हुआ है। यूनानी चिकित्सा विभाग के निदेशक डॉ फैयाज खान ने आयुष हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर हर्बल गार्डन विकसित किए जाने के लिए प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति भी जारी कर दी है। औषधीय पादपों की खरीदारी के लिए प्रथम चरण में 20 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं तथा इसके पश्चात गार्डन के रखरखाव, संरक्षण के लिए समय-समय पर अलग से वित्तीय व्यवस्था और की जाएगी। सांभर राजकीय यूनानी औषधालय की चिकित्सक आयशा सिद्दीका को सेंटर के प्रभारी अधिकारी पद की भी जिम्मेदारी दी गई है। योजना अंतर्गत आने वाले कुछ समय में चिकित्सा सुविधाओं का और विस्तार होगा।

### बैंसला की पुण्यतिथि पर रक्तदान

**सांभरझील, (निसं)।** कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि पर शुक्रवार को एक निजी विद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 176 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। विद्यालय के निदेशक श्रवण लाल नीमली ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। प्रधान सहदेव गुर्जर ने कहा कि महापुरुष की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित करके श्रद्धांजलि दी गई है। इस अवसर पर गुर्जर समाज अध्यक्ष धीरू गुर्जर, लक्ष्मण सिंह रिणगी, सुरेश चौहान, बीरबल बारवाल, विष्णु रिणगी, हरदेव, गोगराज वर्मा, हजारी सिंगला, किशन तंवर, बीरम देव कोली, सीताराम कुराच, गणेश गुगल्या,जीतू गुर्जर सहित सैकडों युवाओं ने भाग लिया।

### थानाप्रभारी का स्थानान्तरण

**कोटपूतली, ( निसं )।** जयपुर ग्रामीण एसपी डॉ. राजीव पचार द्वारा जिले भर में पुलिस अधिकारियों का स्थानान्तरण किया गया है। इसी क्रम में कोटपूतली थाने के थाना प्रभारी सवाई सिंह को यहाँ से स्थानान्तरित कर प्रागपुरा लगाया गया है। जबकि पुलिस लाईन से मांगे लाल को कोटपूतली थाने पर नया थाना प्रभारी लगाया गया है। वहीं पुलिस लाईन से ही एसआई जयप्रकाश को कोटपूतली थाने में लगाया गया है। यहाँ तैनात एसआई लक्ष्मी का स्थानान्तरण एसपी कार्यालय में किया गया है। वहीं प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह को पुलिस लाईन में भेजा गया है।

### श्रीराम जन्मोत्सव मेला शुरू

**निवाई, (निसं)।** सिरस कस्बे में स्थित श्री केशव राय मंदिर में गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर दोपहर 12 बजे महाआरती के साथ ही तीन दिवसीय श्री राम जन्मोत्सव मेला शुरू हुआ। रामनवमी के दिन सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। दोपहर 12 राम जन्मोत्सव को लेकर महाआरती में सैकडों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के बाद मंदिर में माखन मिश्री का भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। शाम को पूजा अर्चना व आरती के बाद भगवान केशव रायकी शोभा यात्रा मंदिर से रवाना हुई। शोभायात्रा का कस्बे में जगह-जगह पुष्प वर्षा व आरती के साथ स्वागत किया। इस दौरान घरों के सामने भगवान की आरती उतारते समय ओम जय जगदीश हरे से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया।